डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

साहित्य अकादेमी द्वारा विश्व पुस्तक मेला के दौरान आज 'कथासंधि' कार्यक्रम का आयोजन

'अपने प्रिय कवि से मिलिए' कार्यक्रम में प्रख्यात कवयित्री नेहा बंसल

17 फरवरी 2024, नई दिल्ली - साहित्य अकादेमी द्वारा विश्व पुस्तक मेला के दौरान आज 'कथासंधि' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 'कथासंधि' साहित्य अकादेमी की सबसे प्रमुख कार्यक्रम शृंखला में एक है। आज सायं 4 बजे लेखक मंच पर आयोजित 'कथासंधि' कार्यक्रम में हिंदी की प्रख्यात कथाकार और नाटककार मीरा कांत तथा अंग्रेज़ी के कथाकार मुकुल कुमार को आमंत्रित किया गया था। सबसे पहले मुकुल कुमार ने अपनी पुस्तकों से चुनिंदा अंशों का पाठ किया और अपनी रचनायात्रा के बारे में संक्षेप में बताया। इसके बाद मीरा कांत ने अपनी कहानी 'गली दुल्हन वाली' सुनाई। दोनों ही रचनाकारों को श्रोताओं ने बहुत मनोयोग से सुना और प्रशंसा की। कार्यक्रम के आरंभ में साहित्य अकादेमी में संपादक (हिंदी) ने अंगवस्त्रम के साथ आमंत्रित दोनों कथाकारों का अकादेमी की ओर से स्वागत और अभिनंदन किया।

साहित्य अकादेमी के स्टॉल पर 'अपने प्रिय कवि से मिलिए' कार्यक्रम प्रख्यात कवयित्री नेहा बंसल के साथ संपन्न हुआ। नेहा बंसल ने अपनी कुछ चुनी हुई रचनाओं का पाठ भी किया। इस कार्यक्रम में पाठकों ने साहित्य अकादेमी से प्रकाशित उनकी पुस्तक पर कवयित्री के हस्ताक्षर लिए।

साहित्य अकादेमी के स्टॉल पर आज अकादेमी के प्रकाशनों की खरीद के लिए पाठकों की बड़ी संख्या में भीड़ रही।

(के. श्रीनिवासराव)

रवीन्द्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-2338 7064, 2307 3002, फैक्स : +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone : +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax : +91-11-2338 2428
E-Mail : secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website : http//www.sahitya-akademi.gov.in